भारत सरकार
पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 773 जिसका उत्तर
शुक्रवार, 26 जुलाई, 2024/4 श्रावण, 1946 (शक) को दिया जाना है

**पत्तनों का आधुनिकीकरण**

† 773. श्री लावू श्रीकृष्णा देवरायालू :
श्री श्रीभरत मथुकुमिल्लि :
श्री बी. के. पार्थसारथी :

क्या **पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान सागरमाला योजना के अंतर्गत आधुनिकीकरण हेतु आंध्र प्रदेश सहित राज्य-वार कितने बंदरगाहों पर कार्य किया गया है;

(ख) बंदरगाह आधुनिकीकरण योजना के अंतर्गत प्रत्येक परियोजना हेतु वर्ष-वार और आंध्र प्रदेश सहित राज्य-वार कितनी निधि आवंटित और उपयोग की गई है;

(ग) आंध्र प्रदेश में पूर्ण किए गए बंदरगाह आधुनिकीकरण का ब्यौरा क्या है; और

(घ) विगत तीन वर्षों के दौरान आंध्र प्रदेश में बंदरगाह आधुनिकीकरण कार्यक्रम की वर्ष-वार प्रगति क्या है तथा उक्त परियोजनाएं कब तक पूरी हो जाएंगी?

उत्तर
**पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री**
**(श्री सर्बानंद सोणोवाल)**

**(क) और (ख)**: सागरमाला कार्यक्रम, भारत की 7,500 कि.मी. लंबी तटरेखा और 14,500 कि.मी. संभाव्य नौचालन जलमार्गों का उपयोग करते हुए देश में पत्तन-आधारित विकास को बढ़ावा देने के लिए पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय की केन्द्रीय क्षेत्रक योजना है। सागरमाला योजना के अंतर्गत मंत्रालय राज्य/संघ शासित प्रदेश की सरकारों को पत्तन अवसंरचना परियोजनाओं, तटीय बर्थ परियोजनाओं, सड़क एवं रेल परियोजनाओं, मत्स्यन हार्बरों, कौशल विकास परियोजनाओं, तटीय समुदाय विकास, क्रूज टर्मिनल और रो-पैक्स फेरी सेवाओं जैसी परियोजनाओं आदि को वित्तीय सहायता प्रदान करता है। सागरमाला योजना के पत्तन आधुनिकीकरण बुनियाद के अंतर्गत मंत्रालय ने अब तक आंशिक सहायता के लिए 860.39 करोड़ रु. की लागत वाली 16 परियोजनाएं मंजूर की हैं। प्रत्येक परियोजना के लिए आबंटित और उपयोग की गई निधियों के ब्यौरे सहित राज्य/संघ शासित प्रदेश-वार वितरण का ब्यौरा **अनुबंध-I** में दिया गया है।

**(ग) और (घ)**: सागरमाला योजना के अंतर्गत मंत्रालय ने आंध्र प्रदेश राज्य में अब तक लगभग 2500 करोड़ रु. की लागत वाली 13 परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इनमें से 1114.45 करोड़ रु. की 7 परियोजनाएं पहले ही पूरी हो चुकी हैं। प्रत्येक परियोजना की स्थिति और प्रगति का विवरण **अनुबंध-II** में दिया गया है।

**अनुबंध-I**

प्रत्येक परियोजना के लिए आवंटित और उपयोग की गई निधियों के साथ-साथ राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार वितरण नीचे दी गई तालिका में दिया गया है।

| क्र. सं. | परियोजना का नाम | राज्य | परियोजना लागत (करोड़ रु. में) | एमओपीए सडब्ल्यू से सहायता (करोड़ रु. में) | स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सीओपीटी में तटीय तरल टर्मिनल - सीओटी और एनटीबी का नवीनीकरण और क्षमता वृद्धि | केरल | 20.00 | 14.96 | पूरी की गई |
| 2 | वी.ओ. चिदंबरनार में मत्स्य पालन महाविद्यालय के सामने एनएच 7ए से सटे एक पूर्ण ट्रक पार्किंग टर्मिनल का विकास और संचालन | तमिलनाडु | 25.00 | 10.00 | पूरी की गई |
| 3 | प्रवेश चैनल के उत्तर और दक्षिण दोनों ओर ब्रेकवाटर का निर्माण - बर्थ-1 - बर्थ-2 और कुड्डालोर पत्तन पर कैपिटल ड्रेजिंग - प्रवेश चैनल से कार्गो बर्थ तक | तमिलनाडु | 135.00 | 67.50 | पूरी की गई |
| 4 | निर्यात कार्गो के संचालन के लिए चेन्नै पत्तन पर पक्के भंडारण यार्ड का विकास | तमिलनाडु | 54.00 | 25.73 | पूरी की गई |
| 5 | चेन्नै पत्तन पर बंकर बर्थ का निर्माण | तमिलनाडु | 44.00 | 22.00 | पूरी की गई |
| 6 | वीओसीपीटी पर तटीय कार्गो बर्थ के लिए डॉक बेसिन की ड्रेजिंग - समर्पित तटीय बर्थ के सामने ड्रेजिंग | तमिलनाडु | 98.00 | 20.88 | पूरी की गई |
| 7 | पुदुच्चेरी पत्तन के लिए कैपिटल ड्रेजिंग | पुदुच्चेरी | 27.40 | 27.40 | पूरी की गई |
| 8 | मुरगांव के क्रूज बर्थ के क्षेत्र में स्पाइरल के 2 मूरिंग को हटाया गया | गोवा | 13.87 | 6.94 | पूरी की गई |
| 9 | आंध्र प्रदेश के पूर्वी गोदावरी जिले में काकीनाडा एंकोरेज पत्तन के बुनियादी ढांचे में सुधार | आंध्र प्रदेश | 85.83 | 36.67 | पूरी की गई |
| 10 | रसायनों के संचालन के लिए कोचिन पत्तन पर दक्षिण कोयला बर्थ का पुनर्निर्माण | केरल | 17.70 | 8.85 | पूरी की गई |
| 11 | पिरपाऊ, एमबीपीटी में तीसरे रासायनिक बर्थ का निर्माण | महाराष्ट्र | 161.00 | 140.40 | कार्यान्वयनाधीन |
| 12 | कर्नाटक के कारवार पत्तन पर अग्निशमन उपकरणों को स्थापित करना | कर्नाटक | 19.00 | 9.50 | कार्यान्वयनाधीन |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 13 | मुंबई पत्तन पर समुद्री तेल टर्मिनल पर एससीएडीए और पीएलसी स्वचालन प्रणाली | महाराष्ट्र | 22.57 | 22.57 | कार्यान्वयनाधीन |
| 14 | केडीएस - एसएमपी, कोलकाता के एनएस डॉक पर बैकयार्ड के विकास सहित नंबर 7, एनएसडी पुराने बर्थ के पुनर्वास के लिए डिजाइन, इंजीनियरिंग और निर्माण' | पश्चिम बंगाल | 80.74 | 80.74 | कार्यान्वयनाधीन |
| 15 | चेन्नै पोर्ट अथॉरिटी में बर्थ संख्या 24बी (बीडी-II) के बैकअप क्षेत्रों में ट्रेलरों/ट्रकों के लिए बफर पार्किंग यार्ड का विकास | तमिलनाडु | 52.85 | 39.42 | कार्यान्वयनाधीन |
| 16 | कटेमबैना स्थित सीवरेज इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन ऑफ गोवा लिमिटेड (एसआईडीसीजीएल) से सीवेज उपचारित जल का पुनर्चक्रण/पुनः उपयोग | गोवा | 3.43 | 3.43 | कार्यान्वयनाधीन |

**अनुबंध- II**

प्रत्येक परियोजना की स्थिति और प्रगति नीचे दी गई तालिका में दी गई है

| क्र. सं. | परियोजना का नाम | परियोजना स्तंभ | स्थिति | लागत (करोड़ रु. में) | स्वीकृत निधि (करोड़ रु. में) | जारी की गई निधि (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश के पूर्वी गोदावरी जिले में काकीनाडा एंकोरेज पत्तन के बुनियादी ढांचे में सुधार | पत्तन आधुनिकीकरण | पूरी की गई | 85.83 | 36.67 | 36.67 |
| 2 | कॉन्वेंट जंक्शन - विशाखापट्टणम पत्तन से गुजरते हुए एच-7 क्षेत्र से पत्तन संपर्कता रोड तक ग्रेड सेपरेटर का निर्माण | पत्तन संपर्कता | पूरी की गई | 46.34 | 23.17 | 14.98 |
| 3 | एनएच-5 तक पत्तन सड़क संपर्क को 2 से 4 लेन का बनाना - चरण II | पत्तन संपर्कता | पूरी की गई | 77.00 | 20.00 | 20.00 |
| 4 | वीपीटी पर तटीय बर्थ का निर्माण | तटीय शिपिंग और आईडब्ल्यूटी | पूरी की गई | 43.00 | 30.00 | 30.00 |
| 5 | समुद्री एवं पोतनिर्माण में उत्कृष्टता केंद्र - सीईएमएस – आं.प्र.-आं.प्र में 24 में से 18 प्रयोगशालाएं | तटीय सामुदायिक विकास | पूरी की गई | 574.00 | 37.52 | 36.30 |
| 6 | आंध्र प्रदेश राज्य के एसपीएसआर नेल्लोर जिले के जुव्वालादिन्ने में मछली पकड़ने के पत्तन का विकास। | तटीय सामुदायिक विकास | पूरी की गई | 288.00 | 69.15 | 62.23 |
| 7 | तटीय जिला कौशल विकास कार्यक्रम - चरण I - आंध्र प्रदेश | तटीय सामुदायिक विकास | पूरी की गई | 0.28 | 0.28 | 0.14 |
| 8 | बियायपुथिप्पा में तटीय घाट का निर्माण | तटीय शिपिंग और आईडब्ल्यूटी | किया जा रहा है | 73.07 | 36.54 | 0.00 |
| 9 | तटीय जिला कौशल विकास कार्यक्रम - चरण 2 - आंध्र प्रदेश | तटीय सामुदायिक विकास | कार्यान्वियनाधीन | 5.98 | 5.98 | 5.98 |
| 10 | बुदुगाटलापलेम में मछली पकड़ने का पत्तन | तटीय सामुदायिक विकास | कार्यान्वियनाधीन | 386.20 | 40.00 | 0.00 |
| 11 | कोठापट्टनम में मछली पकड़ने का पत्तन | तटीय सामुदायिक विकास | कार्यान्वियनाधीन | 364.00 | 40.00 | 0.00 |
| 12 | पुदिमदका में मछली पकड़ने का पत्तन | तटीय सामुदायिक विकास | कार्यान्वियनाधीन | 387.00 | 40.00 | 0.00 |
| 13 | विशाखापट्टणम मछली पकड़ने के पत्तन का आधुनिकीकरण | तटीय सामुदायिक विकास | कार्यान्वियनाधीन | 151.81 | 50.00 | 10.00 |

*****